Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** **निम्नलिखित में से क्या, तृतीयक गतिविधि का एक उदाहरण है?**

**Ans**
✗ 1. खनन
✓ 2. अध्यापन
✗ 3. विनिर्माण
✗ 4. कृषि

**Q.2** **प्रसिद्ध उर्दू कवि और बॉलीवुड लेखक-निर्देशक गुलज़ार को 2025 में निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

**Ans**
✗ 1. पद्म विभूषण
✗ 2. पद्म भूषण
✓ 3. ज्ञानपीठ पुरस्कार
✗ 4. पद्म श्री

**Q.3** **भारत छोड़कर जाने से पूर्व, भारत का विभाजन करवाने वाले अंतिम वायसराय का क्या नाम था?**

**Ans**
✗ 1. लॉर्ड क्रिप्स (Lord Cripps)
✗ 2. पेथिक लॉरेंस (Pethick Lawrence)
✓ 3. लॉर्ड माउंटबेटन (Lord Mountbatten)
✗ 4. लॉर्ड वेवेल (Lord Wavell)

**Q.4** **राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का उद्देश्य _______ की स्थापना करना है।**

**Ans**
✓ 1. एक कल्याणकारी राज्य
✗ 2. एक लोकतांत्रिक तानाशाही
✗ 3. एक पुलिस राज्य
✗ 4. एक पूंजीवादी राज्य

**Q.5** **सर्वोच्च न्यायालय का 'मूलभूत संरचना' का सिद्धांत (संसद, संविधान की मूल विशेषताओं में परिवर्तन नहीं कर सकती) पहली बार किस ऐतिहासिक मामले में स्थापित किया गया था?**

**Ans**
✗ 1. शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (1951)
✗ 2. आईसी गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967)
✓ 3. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973)
✗ 4. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ (1980)

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** रक्षा मंत्रालय द्वारा 500 इन्वार एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों के लिए नियोजित ऑर्डर — जिसका मूल्य ₹2,000–₹3,000 करोड़ रुपये है —किस रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (PSU) को दिया जाएगा?

Ans
- ✗ 1. गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड
- ✓ 2. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड
- ✗ 3. आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड
- ✗ 4. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

**Q.7** प्रायद्वीपीय पठार के पूर्व और पश्चिम में कौन-से जल निकाय पार्श्व (flank) हैं?

Ans
- ✗ 1. हिंद महासागर और अरब सागर
- ✗ 2. अरब सागर और अंडमान सागर
- ✓ 3. बंगाल की खाड़ी और अरब सागर
- ✗ 4. बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है?

Ans
- ✗ 1. शारदा नहर
- ✓ 2. दामोदर घाटी परियोजना
- ✗ 3. इंदिरा गांधी नहर
- ✗ 4. आगरा नहर

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम भारत में लोक अदालतों को विधिक प्रस्थिति (legal status) प्रदान करता है?

Ans
- ✗ 1. भारतीय दंड संहिता, 1860
- ✓ 2. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987
- ✗ 3. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908
- ✗ 4. माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा संक्षिप्त रुप अपने अर्थ से सही सुमेलित है?

Ans
- ✗ 1. ASCII - ऑटोमेटेड सिस्टम फॉर कम्प्यूटर इनपुट
- ✗ 2. LAN - लार्ज एरिया नेटवर्क
- ✓ 3. CD – कॉम्पैक्ट डिस्क
- ✗ 4. LAN – लोकल एरिया नोड

**Q.11** मई 2025 में देश की रक्षा क्षमताओं को प्रबल करने के लिए भारत सरकार ने किस प्रमुख कार्यक्रम को मंजूरी दी?

Ans
- ✗ 1. उत्तरी सीमा पर नई सैन्य टुकड़ियों की स्थापना
- ✗ 2. हिंद महासागर में परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती
- ✓ 3. नए विमानवाहक पोतों (aircraft carriers) का अधिग्रहण
- ✗ 4. पांचवी पीढ़ी के दोहरे इंजन वाले स्टील्थ फाइटर जेट का विकास

**Q.12** बजट 2025 में लॉन्च किया गया 'आत्मनिर्भर ऑयल सीड्स अभियान (Atmanirbhar Oil Seeds Abhiyan)' निम्नलिखित में से किस पर केंद्रित है?

Ans
- ✓ 1. तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना
- ✗ 2. अधिशेष तिलहनों का निर्यात
- ✗ 3. खाद्य तेल की कीमतों में सब्सिडी देना
- ✗ 4. तेल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का आयात

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.13 निम्नलिखित में से किसे 1991 के बाद से भारत के आर्थिक सुधारों का एक प्रमुख सामाजिक विकास परिणाम माना जाता है?

Ans
1. गरीबी दर में वृद्धि
2. राजकोषीय घाटे का विस्तारण
3. साक्षरता दर में कमी
4. जीवन प्रत्याशा में सुधार ✔

Q.14 मेक इन इंडिया पहल का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। 'मेक इन इंडिया (Make in India)' अभियान किस वर्ष लॉन्च किया गया था?

Ans
1. 2016
2. 2012
3. 2014 ✔
4. 2018

Q.15 मई 2025 में भारत में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का विषय (थीम) क्या था?

Ans
1. नवाचार और अनुसंधान के माध्यम से भारत को सशक्त बनाना (Powering India through Innovation and Research)
2. विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की ओर (Towards a Self-Reliant India through Science and Technology)
3. यंत्र - नई तकनीक, अनुसंधान और त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर (YANTRA – Yugantar for Advancing New Technology, Research & Acceleration) ✔
4. डिजिटल इंडिया: स्मार्ट तकनीकों के माध्यम से सशक्त बनाना (Digital India: Empowering Through Smart Technologies)

Q.16 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (Chhatrapati Shivaji Terminus) निम्नलिखित में से किस प्रकार की वास्तुकला शैली का प्रमुख उदाहरण है?

Ans
1. द्रविड़
2. केवल गोथिक
3. इंडो-सारसेनिक ✔
4. पूर्णतः मुगल

Q.17 इन्फ्रासाउंड माइक्रोफोन , ____ से निम्न आवृत्तियों पर विमान के वेक वोर्टेक्स, क्लियर-एयर टर्बुलेंस, टॉरनेडो और भूकंपीय घटनाओं का दूर से पता लगाने में सक्षम बनाता है।

Ans
1. 20 Hz ✔
2. 5 Hz
3. 30 Hz
4. 10 Hz

Q.18 30 मई 2025 को, किस राज्य ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 100% साक्षरता दर घोषित की, जो PLFS द्वारा दर्ज की गई दर से अधिक है?

Ans
1. हिमाचल
2. गोवा ✔
3. केरल
4. सिक्किम

Q.19 यूरोपीय संसद में आयोजित 2025 समारोह में किस फिल्म को LUX ऑडियंस अवार्ड से सम्मानित किया गया?

Ans
1. द ब्रूटलिस्ट (The Brutalist)
2. फ्लो (Flow) ✔
3. अनोरा (Anora)
4. एमिलिया पेरेज़ (Emilia Pérez)

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 किस प्रकार के ROM को विनिर्माण के बाद केवल एक बार प्रोग्राम किया जा सकता है?

Ans
✗ 1. EEPROM
✗ 2. Mask ROM
✗ 3. EPROM
✓ 4. PROM

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा बायोस्फीयर रिजर्व, तमिलनाडु में स्थित है?

Ans
✗ 1. सुंदरवन बायोस्फीयर रिजर्व (Sundarbans Biosphere Reserve)
✓ 2. मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व (Gulf of Mannar Biosphere Reserve)
✗ 3. डिब्रू-सैखोवा बायोस्फीयर रिजर्व (Dibru-Saikhowa Biosphere Reserve)
✗ 4. शेषाचलम बायोस्फीयर रिजर्व (Seshachalam Biosphere Reserve)

Q.22 स्वतंत्रता के बाद, भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक योजनाबद्ध दृष्टिकोण अपनाया। प्रथम पंचवर्षीय योजना के तहत किस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी?

Ans
✓ 1. कृषि
✗ 2. रक्षा
✗ 3. तृतीयक
✗ 4. उद्योग

Q.23 ISRO ने अपना 100वां अंतरिक्ष प्रक्षेपण (space launch) किस स्थान से किया?

Ans
✗ 1. चित्रदुर्ग
✗ 2. हसन
✓ 3. श्रीहरिकोटा
✗ 4. चांदीपुर

Q.24 निम्नलिखित में से किसने 11वें ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों के शिखर सम्मेलन, 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व किया?

Ans
✗ 1. भूपेंद्र यादव
✓ 2. अमनदीप गर्ग
✗ 3. एस जय शंकर
✗ 4. अमित शाह

Q.25 उत्तरी मैदानों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सत्य है?

Ans
✗ 1. सीधा ढालों वाले उच्च उन्नतांश
✓ 2. उर्वर मृदा के कारण घनी आबादी
✗ 3. शैलमय भूभाग के कारण निम्न उर्वरता
✗ 4. ज्वालामुखीय पठारों की उपस्थिति

Q.26 भारत में, अखिल भारतीय सेवाओं का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 107
✗ 2. अनुच्छेद 206
✓ 3. अनुच्छेद 312
✗ 4. अनुच्छेद 320

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकारी, प्रशासन का निरीक्षण करने और प्रांतीय शासन पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्रत्येक पाँच वर्ष में मौर्य प्रांतों का भ्रमण किया करता था?

Ans
✗ 1. नागरिक
✓ 2. प्रादेशिक
✗ 3. राजुक
✗ 4. अमात्य

Q.28 औपनिवेशिक काल के दौरान, ________ में आसफ़ जाही राजवंश की स्थापना हुई।

Ans
- ✗ 1. पंजाब
- ✓ 2. हैदराबाद
- ✗ 3. मैसूर
- ✗ 4. बंगाल

Q.29 भारत में, अधिकांश ग्रामीण विकास योजनाओं को लागू करने के लिए मुख्य रूप से कौन-सा मंत्रालय उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ 1. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
- ✗ 2. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
- ✓ 3. ग्रामीण विकास मंत्रालय
- ✗ 4. पंचायती राज मंत्रालय

Q.30 सिनेमा के क्षेत्र में, वृत्तचित्रों (documentaries) का अभिलक्षण ________________________ है।

Ans
- ✓ 1. अधिगम या मनोरंजन के लिए वास्तविक दुनिया की विषय-वस्तु प्रस्तुत करना
- ✗ 2. मनगढ़ंत कहानियाँ
- ✗ 3. पौराणिक पात्रों के बारे में संवाद स्थापित करना
- ✗ 4. काल्पनिक रहस्य पर केंद्रित होना

Q.31 गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) द्वारा शुरू की गई किस पहल का उद्देश्य साइबर अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई को सुविधाजनक बनाना है?

Ans
- ✗ 1. राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नेट (National Cyber Safety Net)
- ✗ 2. साइबर सुरक्षा अभियान (Cyber Suraksha Abhiyan)
- ✓ 3. ई-ज़ीरो एफआईआर (e-Zero FIR)
- ✗ 4. डिजिटल इंडिया साइबर शील्ड (Digital India Cyber Shield)

Q.32 निम्नलिखित में से किस राज्य ने, मई 2025 में, भारत की पहली AI एंकर अंकिता (Ankita) को क्षेत्रीय भाषा में पेश किया?

Ans
- ✗ 1. मध्य प्रदेश
- ✗ 2. केरल
- ✗ 3. तमिलनाडु
- ✓ 4. असम

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय रियासत, भारतीय संघ में शामिल होने वाली अंतिम भारतीय रियासतों में से एक थी?

Ans
- ✓ 1. हैदराबाद
- ✗ 2. मैसूर
- ✗ 3. जोधपुर
- ✗ 4. त्रावणकोर

Q.34 भारत ने अपनी पहली स्वदेशी चुंबकीय अनुनाद प्रतिबिंबन (MRI) मशीन विकसित की है, जिसे __________ में स्थापित किया जाएगा।

Ans
- ✗ 1. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल
- ✓ 2. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली
- ✗ 3. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
- ✗ 4. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नागपुर

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.35** तापीय साम्य के विचार और तापमान निर्धारण में इसके महत्व को स्पष्ट करने के लिए 1931 में सबसे पहले किसने सिद्धांत प्रस्तावित किया था?

**Ans**
1. ह्यूग एल. कैलेन्डर (Hugh L. Callendar) ✗
2. राल्फ एच फाउलर (Ralph H Fowler) ✓
3. रुडोल्फ क्लॉसियस (Rudolf Clausius) ✗
4. जेम्स पी एस्पी (James P Espy) ✗

**Q.36** निम्नलिखित में से किस तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिनेवा में आयोजित विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को संबोधित किया?

**Ans**
1. 20 मई 2025 ✓
2. 12 मई 2025 ✗
3. 20 अप्रैल 2025 ✗
4. 12 अप्रैल 2025 ✗

**Q.37** किस अपक्षयण प्रक्रम (weathering process) में तापमान भिन्नता के कारण चट्टान की परतें छिल (peeling) जाती हैं?

**Ans**
1. अपशल्कन (Exfoliation) ✓
2. तुषार क्रिया (Frost action) ✗
3. ऑक्सीकरण (Oxidation) ✗
4. विलयन (Solution) ✗

**Q.38** निम्नलिखित में से कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया, ऑर्थो-हाइड्रॉक्सीबेंजोइक अम्ल निर्मित करती है, जो प्राथमिक अभिक्रिया उत्पाद है जिसका दवाओं के लिए कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाता है?

**Ans**
1. फ्रिडेल-क्राफ्ट्स अभिक्रिया ✗
2. राइमर-टीमन अभिक्रिया ✗
3. स्टीफन अभिक्रिया ✗
4. कोल्बे अभिक्रिया ✓

**Q.39** सन् 1857 के विद्रोह के दौरान, विद्रोही सिपाहियों ने किसे भारत का सम्राट घोषित किया था?

**Ans**
1. शाह आलम द्वितीय ✗
2. अकबर द्वितीय ✗
3. बहादुर शाह द्वितीय ✓
4. औरंगजेब ✗

**Q.40** भारत के राष्ट्रपति का कार्यकाल कितना होता है?

**Ans**
1. 4 वर्ष ✗
2. 6 वर्ष ✗
3. संसद द्वारा हटाए जाने तक ✗
4. 5 वर्ष ✓

## Section : Mathematics

**Q.1** आशीष ने ₹180/दर्जन की दर से कुछ रूलर खरीदे। उसने ₹24 प्रति रूलर की दर से उन्हें बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______ % है।

**Ans**
1. 58 ✗
2. 62 ✗
3. 60 ✓
4. 64 ✗

**Q.2** दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 80% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और 21% मत अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों का 51% प्राप्त हुआ तथा उसने 1817 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

**Ans**
1. 143752 ✗
2. 143750 ✓
3. 143751 ✗
4. 143753 ✗

**Q.3** एक ग्राहक “एक खरीदें और दूसरे पर 30% की छूट पायें” डील के साथ, दो उत्पाद खरीदता है, प्रत्येक उत्पाद की कीमत ₹350 है। ग्राहक द्वारा भुगतान की गई कुल राशि क्या है?

**Ans**
1. ₹490 ✗
2. ₹595 ✓
3. ₹560 ✗
4. ₹455 ✗

**Q.4** ईशा एक कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकती है। ईशा और स्मृति मिलकर उसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकती हैं, तथा ईशा, स्मृति और अश्लेषा मिलकर उसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकती हैं। ईशा और अश्लेषा मिलकर उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

**Ans**
1. $\frac{35}{4}$ ✗
2. $\frac{40}{3}$ ✓
3. $\frac{30}{5}$ ✗
4. $\frac{41}{3}$ ✗

**Q.5** यदि 4 और 16 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना है?

**Ans**
1. 62 ✗
2. 67 ✗
3. 64 ✓
4. 66 ✗

**Q.6** यदि cotA + cosA = p, cotA - cosA = q है, तो $p^2 - q^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. $\sqrt{pq}$ ✗
2. $3\sqrt{pq}$ ✗
3. $2\sqrt{pq}$ ✗
4. $4\sqrt{pq}$ ✓

**Q.7** X, Y और Z ने क्रमशः 58 : 72 : 20 के अनुपात में धनराशि निवेश की। यदि उन्होंने वर्ष के अंत में कुल ₹3,750 का लाभ अर्जित किया, तो Y और Z के हिस्सों के बीच कितना अंतर है?

**Ans**
1. ₹1,404 ✗
2. ₹1,231 ✗
3. ₹1,300 ✓
4. ₹1,254 ✗

Adda247

Q.8 एक व्यापारी 29% लाभ पर गेहूँ बेचने का दावा करता है, लेकिन बेईमानी से उस बाट का इस्तेमाल करता है जो उस पर उल्लिखित वजन से 30% कम है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✗ 1. 79%
✗ 2. 86%
✗ 3. 87%
✓ 4. 84%

Q.9 ₹42,100 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया कि A के हिस्से का 8 गुना = B के हिस्से का 3 गुना = C के हिस्से का 6 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹8,538
✗ 2. ₹8,360
✓ 3. ₹8,420
✗ 4. ₹8,278

Q.10 $\sqrt{324} + \sqrt{0.0324} - \sqrt{8.41}$ का मान ____ है।

Ans
✓ 1. 15.28
✗ 2. 10.83
✗ 3. 16.61
✗ 4. 6.97

Q.11 $\frac{2}{5} + \left(\frac{1}{1+\frac{5}{7}}\right) - \frac{2}{5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{14}{13}$
✗ 2. $\frac{2}{7}$
✓ 3. $\frac{7}{12}$
✗ 4. $\frac{10}{17}$

Q.12 $74^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 5476
✗ 2. 5526
✗ 3. 5456
✗ 4. 5486

Q.13 3% प्रति माह की ब्याज दर से ₹1,200 पर 6 महीने का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 36
✗ 2. 18
✓ 3. 216
✗ 4. 38

Q.14 संख्या 934725 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 6
✓ 2. 3
✗ 3. 10
✗ 4. 2

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 एक संख्या में 60% की वृद्धि करने पर 3590 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4487.5
2. 2243.75 ✔
3. 1121.875
4. 6731.25

Q.16 86 km/hr की चाल से चलने वाली एक बस एक यात्रा 7 घंटे में पूरी करती है। समान दूरी 14 घंटे में तय करने के लिए इसकी चाल कितनी होनी चाहिए?

Ans
1. 43 km/hr ✔
2. 35 km/hr
3. 42 km/hr
4. 53 km/hr

Q.17 $x(5x - 9) + 7(x^2 - 2) + 17$ को सरल करें।

Ans
1. $12x^2 - 9x - 3$
2. $-12x^2 - 9x - 3$
3. $12x^2 - 9x + 3$ ✔
4. $-12x^2 - 9x + 3$

Q.18 प्रथम 172 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 173.5
2. 173 ✔
3. 174
4. 172.5

Q.19 एक बैग का अंकित मूल्य ₹2,000 है। एक दुकानदार 10% और 5% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। ग्राहक द्वारा भुगतान किया गया अंतिम मूल्य कितना है?

Ans
1. ₹1,710 ✔
2. ₹1,800
3. ₹1,700
4. ₹1,750

Q.20 यदि एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 27% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 165% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 36%
2. 48%
3. 20%
4. 41% ✔

Q.21 यदि किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹5,520 है, और ब्याज की दर 20% वार्षिक है जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है, तो धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹23,000 ✔
2. ₹23,405
3. ₹22,875
4. ₹22,695

Adda247

Q.22 A, दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक 20 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से उन्होंने यह कार्य केवल 2 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले यह कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
1. $11\frac{8}{11}$ दिन
2. $9\frac{8}{11}$ दिन
3. $4\frac{8}{11}$ दिन
4. $2\frac{8}{11}$ दिन ✓

Q.23 P की वर्तमान आयु का छः गुना, Q की वर्तमान आयु से 46 वर्ष अधिक है। 10 वर्ष बाद, Q की आयु का छः गुना, उस समय P की आयु के पाँच गुने से 18 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
1. 5
2. 2 ✓
3. 1
4. 6

Q.24 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है और तीसरी संख्या 107 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 194 ✓
2. 188
3. 195
4. 187

Q.25 5 cm त्रिज्या और 21 cm ऊंचाई वाले बेलन का आयतन ज्ञात करें।
( $\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)

Ans
1. 1500 $cm^3$
2. 1320 $cm^3$
3. 1200 $cm^3$
4. 1650 $cm^3$ ✓

Q.26 दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 9245 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या की पाँच गुना है, तो दोनों संख्याओं का योग कितना है?

Ans
1. 269
2. 266
3. 258 ✓
4. 257

Q.27 दो संख्याओं का अनुपात 5 : 6 है तथा उनका म.स.प. (HCF) 7 है। उनका ल.स.प. (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 84
2. 42
3. 210 ✓
4. 35

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 862026417 को विभाजित करती है?

Ans
1. 6
2. 7 ✓
3. 11
4. 5

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.29 किसी समलम्ब चतुर्भुज की दो समांतर भुजाओं की लंबाइयों का अंतर 6 cm है। उनके बीच की लंबवत दूरी 24 cm है। यदि समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल 648 $cm^2$ है, तो समांतर भुजाओं की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 28 cm, 22 cm
2. 30 cm, 24 cm ✔
3. 23 cm, 29 cm
4. 36 cm, 30 cm

Q.30 दक्ष 774 km की दूरी 86 km/hr की चाल से, अगली 567 km की दूरी 63 km/hr की चाल से और अगली 135 km की दूरी 27 km/hr की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 70.24
2. 70.02
3. 64.17 ✔
4. 63.06

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 सात बॉक्स F, G, H, I, K, L, और O एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में हों। O को F के ठीक ऊपर रखा गया है। G को I के ठीक ऊपर रखा गया है। L के ऊपर केवल K को रखा गया है। O के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। H और K के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. तीन ✔
2. एक
3. चार
4. दो

Q.2 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 731 890 923 286 378 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9, और तीसरा अंक = 7 है)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।)

कितनी संख्याओं में पहले और तीसरे अंक का योग, दूसरे अंक से अधिक है?

Ans
1. एक
2. तीन ✔
3. चार
4. दो

Q.3 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(28, 140, 5)
(41, 533, 13)

Ans
1. (1, 25, 22)
2. (35, 735, 21) ✔
3. (44, 355, 8)
4. (25, 103, 4)

Adda247

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. BV - GR
✗ 2. HO - MK
✗ 3. YD - DZ
✓ 4. ZR - FN

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बल्ले, छड़ी हैं।
सभी बाँस, छड़ी हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ बल्ले, बाँस हैं।
(II): कुछ छड़ियाँ, बाँस हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.6 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

31 58 94 139 193 ?

Ans
✗ 1. 272
✗ 2. 281
✗ 3. 263
✓ 4. 256

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

LTB 83, OWE 74, RZH 65, UCK 56, XFN 47, ?

Ans
✗ 1. AMQ 36
✗ 2. AIO 40
✓ 3. AIQ 38
✗ 4. BIQ 42

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी प्रिंट, बैनर हैं।
सभी प्रिंट, फ्लेक्स हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ बैनर, फ्लेक्स हैं।
(II) सभी फ्लेक्स, प्रिंट हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Adda247

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से IMJI का संबंध GKHG से है। उसी तरीके से, FJGF का संबंध DHED से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, XBYX का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

Ans
1. VZVV
2. VAVX
3. VZWV
4. VYVV

Q.10 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

42 + 75 × 3 − 11 ÷ 3 = ?

Ans
1. 50
2. 32
3. 23
4. 43

Q.11 विमल अपनी कक्षा में शीर्ष से 29वें स्थान पर तथा नीचे से 24वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 53
2. 52
3. 51
4. 54

Q.12 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

657 660 665 672 681 ?

Ans
1. 691
2. 692
3. 690
4. 693

Q.13 R, C की बहन है। C, B की बहन है। B, A का पिता है। A, G की पुत्री है। R का G से क्या संबंध है?

Ans
1. बहन
2. पति की बहन
3. माता
4. पति की माता

Q.14 यदि संख्या 86435621 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. एक भी नहीं
2. तीन
3. एक
4. दो

Q.15 उस युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं

GOF : IQE
SNG : UPF

Ans
1. QUK : SXJ
2. ELM : GNL
3. QRQ : STR
4. NNL : PQK

Q.16 छह मित्र Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हैं। S, V के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। V, Q के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। U, R के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। S के दाएं ठीक पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✔ 1. U
✗ 2. T
✗ 3. Q
✗ 4. R

Q.17 सात बॉक्स U, V, W, X, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
W के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। W और F के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। E और V के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। V को F के ठीक ऊपर रखा गया है। E और X के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। G को U के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। G के नीचे दूसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
✗ 1. U
✗ 2. W
✗ 3. V
✔ 4. F

Q.18 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

SINK - ISNK - KISN
PLAY - LPAY - YLPA

Ans
✗ 1. CLAY - LCAY - LAYC
✔ 2. HOLD - OHLD - DOHL
✗ 3. DINE - IDNE - EIND
✗ 4. MARK - MRAK - KRAM

Q.19 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) / / 9 3 * > * ? 5 6 2 $ # 3 ^ $ 4 + 6 < + (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. चार
✔ 2. दो
✗ 3. एक
✗ 4. एक भी नहीं

Q.20 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 A 5 D 10 B 3 C 42 = ?

Ans
✗ 1. 14
✔ 2. 17
✗ 3. 24
✗ 4. 21

Q.21 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6 13 27 48 76 ?

Ans
✗ 1. 109
✗ 2. 105
✗ 3. 100
✔ 4. 111

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.22** यूनिस बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और 17 km पूर्व की ओर ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
✔ 1. 26 km, पश्चिम की ओर
✘ 2. 29 km, पूर्व की ओर
✘ 3. 26 km, उत्तर की ओर
✘ 4. 29 km, पश्चिम की ओर

**Q.23** शहर P, शहर Q के उत्तर में है। शहर Q, शहर R के पूर्व में है। शहर T, शहर P के उत्तर में है। शहर S, शहर P के पूर्व में है। शहर Q के संबंध में शहर S की स्थिति क्या है?

**Ans**
✘ 1. उत्तर पश्चिम
✔ 2. उत्तर पूर्व
✘ 3. उत्तर
✘ 4. दक्षिण पूर्व

**Q.24** एक निश्चित कूट भाषा में, 'GLUE' को '2475' और 'UNIT' को '1536' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'U' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
✘ 1. 7
✘ 2. 3
✘ 3. 1
✔ 4. 5

**Q.25** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✘ 1. RNJ
✔ 2. QKG
✘ 3. SOK
✘ 4. EAW

**Q.26** यदि संख्या 5237894 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच कितना अंतर होगा?

**Ans**
✘ 1. 7
✘ 2. 6
✘ 3. 9
✔ 4. 8

**Q.27** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✘ 1. NTP
✔ 2. TZU
✘ 3. KQM
✘ 4. QWS

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.28 एक निश्चित कूट भाषा में, 'are you hungry' को 'mk tk jb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'you came early' को 'cd ab mk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'you' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. jb
2. tk
3. jt
4. mk ✔

Q.29 A, B, C, D, Q, R और S एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के दाईं ओर से गिनने पर Q और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर A और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। R, S के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. A
2. S
3. C
4. R ✔

Q.30 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

XSW TOS PKO LGK ?

Ans
1. HBG
2. HBF
3. HCF
4. HCG ✔

Adda247